# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

## हिंदी पठन पत्रक                    कक्षा – पहली

## नुकसान

एक गाँव था, जिसके चारों ओर जंगल था । जंगल में तरह-तरह के फलों के वृक्ष थे। वसंत ऋतु में वे फूलों से भर जाते। उनकी महक हवा में तैरती रहती । शाखाओं पर तरह-तरह के पक्षी अपना घोंसला बनाते और अपनी चहचहाहट का संगीत बिखेरते। सर्दियों में डालें सेब नाशपातियों से लद जातीं। कुछ शरारती लड़कों ने जंगल में घूम-घूमकर घोंसले खोजे और उन्हें नष्ट कर डाला। बेचारी चिड़ियाँ फिर किसी दूसरी जगह जाकर अपना घोंसला बनाने लगीं। अब हुआ यह कि फलों और पत्तियों को चाट जानेवाले कीड़े-मकोड़े, जो पहले चिड़ियों द्वारा खा लिये जाते थे, फिर से पनपने लगे और सारे फलों को नष्ट करने लगे। सर्दियों में बच्चों को जो मीठे और अच्छे फल खाने को मिलते थे, अब तोड़ने पर कीड़ेवाले निकलते थे।

शिक्षा – जो लोग पेड़-पौधों और पक्षियों को स्नेह देते हैं वे उनसे बदले में उतना ही स्नेह पाते हैं।

**प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए –**

1) एक गाँव था, जिसके चारों ओर _____ था।

अ) पहाड़ ब) जंगल स) चोटी

2) _____ ऋतु में वे फूलों से भर जाते।

अ) वसंत ब) शीत स) ग्रीष्म

3) सर्दियों में डालें ____ नाशपातियों से लद जातीं।

अ) सेब ब) अनार स) आलू

4) ______पर तरह-तरह के पक्षी अपना घोंसला बनाते।

अ) डालों ब) शाखाओं स) पत्तों

5) कुछ शरारती लड़कों ने जंगल में घूम-घूमकर _____ खोजे।

अ) घोसलें ब) पौधे स) चिड़िया

**प्र 2) शब्द भंडार –**

1) मीठा का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) अच्छा ब) बुरा स) कड़वा

2) अच्छा का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) बुरा ब) सुंदर स) मीठा

3) महक का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) खुशबू ब) बदबू स) सुंदर

4) नष्ट का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) खत्म करना ब) शुरू करना स) आरंभ करना

5) शीत का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) ठंड ब) गरम स) सुहाना

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## करनी का नतीजा



मालकिन अपने नौकर और नौकरानी को सुबह तब उठाती थी जब तोता शोर करने लगता कि सुबह हो गई, सुबह हो गई। एक रोज नौकरानी तोते पर नाराज हो उठी कि यही मुआ शोर करके मालकिन को जगा देता है और वह फिर हमें जगा देती है। अगर यह तोता नहीं होगा तो मजे आ जाएँगे।

हम थोड़ी देर और सो सकेंगे। यह देख नौकर और नौकरानी ने मिलकर तोते की गरदन मरोड़ दी | मालकिन काफी बूढ़ी और बीमार थी । तोते की मौत के बाद उसे वक्त का सही अंदाजा नहीं रहता था । जब भी उसकी नींद खुलती, उसे लगता कि सवेरा हो गया। वह नौकरों को जबरन जगाकर बैठा देती । कभी-कभी तो आधी रात को ही जगा देती । तोता तो अब था नहीं, जो उसे सही समय बताता।

**शिक्षा - जैसी करनी वैसी भरनी ।**

## प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए –

1) एक रोज नौकरानी ______पर नाराज़ हो उठी ।

अ) नींद ब) तोते स) मालकिन

2) मालकिन काफी _____ और बीमार थी ।

अ) बूढ़ी ब) वक्त स) गरदन

3) कभी –कभी तो आधी _____ को ही जागा देती ।

अ) सुबह ब) शाम स) रात

4) तोता तो अब था नहीं ,जो उसे सही ______बताता।

अ) नौकर ब) समय स) मजे

5) जब भी उसकी नींद खुलती, उसे लगता कि _____हो गया।

अ) अंधेरा ब) सवेरा स) उजाला

## प्र 2) शब्द भंडार –

1) 'सही' का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) गलत ब) उल्टा स) अच्छा

2) सुबह का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) सवेरा ब) शाम स) दोपहर

3) जागना का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) उठना ब) सोना स) बैठना

4) रात का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) दिन ब) शाम स) रात्रि

5) समय का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) वक्त ब) बुरा स) अच्छा

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## जिद


shutterstock.com · 1337338868



मक्के के खेत के करीब एक जंगल में दो लड़कों ने तीतर का एक घोंसला देखा । किसी तरह वह घोंसला उनके कब्जे में आ गया, जिसमें मादा तीतर अपने अंडों सहित बैठी थी । बड़ेवाले लड़के ने कहा, "तुम अंडे ले लो, मैं तीतर रखता हूँ । दोनों का मूल्य बराबर ही है । "जैसा कि तुम कह रहे हो, अगर यह सच है तो तुम अंडे ले लो, मैं तीतर लूँगा।" छोटेवाले लड़के ने जवाब दिया। उनका लड़ाई झगड़ा लगातार चलता रहा और वे अपनी – अपनी जिद पर डटे रहे । अंत में उनकी इस तू-तू, मैं-मैं में अंडे गिरकर फूट गए और तीतर उड़ गई । दोनों हाथ मलते रह गए।

शिक्षा -लालच का अंत बुरा होता है ।

## प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए –

1) दोनों का ______ बराबर ही हैं ।

अ) तीतर ब) मलते स) मूल्य

2) किसी तरह वह _______उनके कब्जे में आ गया।

अ) घोसला ब) झोपड़ी स) बंगला

3) तो तुम अंडे ले लो, मैं _____लूँगा।

अ) झोपड़ी ब) तीतर स) चिड़िया

4) दोनों हाथ ______रह गए।

अ) मलते ब) मिलते स) हिलाते

5) दो लड़कों ने _____ का एक घोंसला देखा ।

अ) चिड़िया ब) तीतर स) बंदर

## प्र २) शब्द भंडार -

1) जवाब का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) उत्तर ब) सवाल स) प्रश्न

2) इस कहानी में किन खेतों की बात की हैं ?

अ) चावल के ब) मक्के के स) सरसों के

3) “तू – तू , मैं – मैं करना” का क्या अर्थ होता हैं ?

अ) बहस करना ब) बातें करना स) जवाब देना

4) मूल्य का अर्थ क्या होता हैं ?

अ)कीमत ब) समान स) दिमाग

5) एक अंडा – दो ________

अ) अंडा ब) अंडे स) अंडो

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## लोमड़ी और लकड़हारा



एक बार एक लोमड़ी शिकारी से बचते-बचाते एक लकड़हारे के पास जा पहुँची । उसने लकड़हारे से विनती की, "कृपा करके मुझे शिकारी से बचा लो । मैं तुम्हारी एहसानमंद रहूंगी।" लकड़हारे ने लोमड़ी से अपनी झोपड़ी में छिप जाने को कहा । कुछ देर बाद शिकारी वहाँ आया और उसने लकड़हारे से लोमड़ी के बारे में पूछा तो लकड़हारे ने मुँह से तो 'न' कह दिया, लेकिन उंगली से अपनी झोंपड़ी की तरफ इशारा कर दिया।

शिकारी की समझ में कुछ नहीं आया और वह वहाँ से चला गया । शिकारी के जाने के बाद लोमड़ी झोंपड़ी से बाहर आई और जाने लगी तो लकड़हारा बोला, "मैंने तुम्हारी जान बचाई । कम से कम शुक्रिया तो अदा करती जाओ ।" अच्छा ! तुम तो विश्वासघाती हो । मैंने तुम्हें झोंपड़ी की तरफ इशारा करते हुए देख लिया था। तुम जैसे व्यक्ति को धन्यवाद क्यों कहूँ?" यह कहकर लोमड़ी वहाँ से चली गई।

शिक्षा : हमें कभी भी दूसरों का विश्वास नहीं तोड़ना चाहिए।

**प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए –**

1) लोमड़ी शिकारी से बचते बचाते एक_____के पास जा पहुँची।

अ) उंगली ब) लकड़हारे स) झोपड़ी

2) लकड़हारे ने लोमड़ी से अपनी _____में छिप जाने को कहा।

अ) उंगली ब) लकड़हारे स) झोपड़ी

3) मैंने तुम्हें झोंपड़ी की तरफ _____ करते हुए देख लिया था।

अ) झोपड़ी ब) इशारा स) लोमड़ी

4) विश्वास का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) भरोसा ब) गुस्सा स) चिंता

5) कम से कम शुक्रिया तो ____ करती जाओ ।

अ) अदा ब) विदा स) सदा

**प्र 2) शब्द भंडार –**

1) पास का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) दूर ब) नजदीक स) सुंदर

2) विश्वास का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) गुस्सा ब) भरोसा स) इशारा

3) शुक्रिया का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) अच्छा ब) धन्यवाद स) बुरा

4) विनती का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) प्रार्थना ब) सुंदर स) गुस्सा

5) जाने का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) उठने ब) सोचने स) आने

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## पूँछकटी लोमड़ी



एक बार एक लोमड़ी जंगल में खाने की तलाश में भटक रही थी। दुर्भाग्यवश वह शिकारियों द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गई। खुद को जाल से छुड़ाने के चक्कर में उसकी पूँछ जाल में फँसकर कट गई। लोमड़ी दर्द के मारे कराहने लगी। दर्द से ज्यादा उसे पूँछ कटने पर शर्मिंदगी महसूस हो रही थी। उसने तुरंत एक योजना बनाई।

अगले दिन उसने सभी लोमड़ियों की एक सभा बुलाकर कहा, "दोस्तों! जैसा कि तुम देख रहे हो कि मेरी पूँछ कटने से छोटी और सुंदर हो गई है तो मेरी सलाह है कि तुम लोग भी अपनी पूँछ कटवा लो। लंबी पूँछ से बेवजह वजन बढ़ता है और यह भद्दी भी लगती है।" एक लोमड़ी बोली, "तुम बड़ी चालाक हो। तुम्हारी पूँछ कट गई तो तुम हमारी पूँछ भी कटवाना चाहती हो। तुम सिर्फ अपना भला सोच रही हो, न कि हमारा। अपनी सलाह अपने पास रखो।" यह सुनकर पूँछकटी लोमड़ी चुपचाप वहाँ से चली गई।

शिक्षा : हमें अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का बुरा नहीं सोचना चाहिए।

**प्र 1)  सही पर्याय चुनकर लिखिए –**

1) एक बार एक ______जंगल में खाने की तलाश में भटक रही थी ।

अ )  बकरी    ब)  लोमड़ी    स)  शेरनी

2) लोमड़ी ______ के मारे कराहने लगी ।

अ)  दर्द    ब)  भूख    स)  पूँछ

3) लोमड़ी ने  तुरंत एक ______बनाई ।

अ)  मिठाई    ब)  सलाह    स)  योजना

4) लंबी ______से बेवजह वजन बढ़ता है और यह भद्दी भी लगती है।

अ)  पूँछ    ब)  लोमड़ी    स)  चुपचाप

5) एक लोमड़ी बोली, “तुम बड़ी ______हो।

अ)  लोमड़ी    ब)  चालक    स)  चालाक

**प्र 2)  चित्र देखकर सही शब्द चुनिये –**



अ)  डंडा    ब)  पूँछ    स)  रस्सी




अ)  शिकारी    ब)  चोर    स)  जाल



अ)  पहाड़    ब)  जंगल    स)  नदी



अ)  शेर    ब)  लोमड़ी    स)  कुत्ता



अ)  जाल    ब)  तार    स)  रस्सी

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## धनी व्यापारी



एक बार एक धनी व्यापारी जहाज द्वारा यात्रा कर रहा था। जहाज पर और भी यात्री सवार थे। रास्ते में समुद्र में तूफान आ गया, जिससे जहाज डूबने लगा। समुद्र में सवार यात्री एक-एक करके समुद्र में कूद गए, ताकि वे तैरकर समुद्र के किनारे तक पहुँच सके। लेकिन धनी व्यापारी नहीं कूदा।

उसे लोगों ने समुद्र में कूदने को कहा तो वह कूदने की बजाए जोर से चिल्लाकर बोला, "हे भगवान! मुझे बचा लो । मैं अभी मरना नहीं चाहता। यदि मैं बच गया तो मैं आपको सौ बैलों की बलि के साथ कीमती रत्न भेंट करूंगा। आप बस मेरी रक्षा कीजिए।" व्यापारी की बात सुनकर एक यात्री बोला, " भगवान तुम्हारी जरूर सुनेंगे, लेकिन तभी, जब तुम समुद्र में कूदकर तैरने की कोशिश कर स्वयं को बचाओगे। भगवान उन्हीं की मदद करते हैं जो स्वयं अपनी मदद करते हैं। इसलिए कोरी बातें मत बनाओ और तैरकर समुद्र पार करो ।"

शिक्षा : हमें कर्म करना चाहिए और फल की चिंता छोड़ देनी चाहिए।

**प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए ।**

1) एक बार एक धनी ____ जहाज द्वारा यात्रा कर रहा था।
अ) आदमी ब) व्यापारी स) चोर

2) जहाज पर और भी ____सवार थे।
अ) यात्री ब) जानवर स) सामान

3) रास्ते में ____ में तूफान आ गया ।
अ) नदी ब) तालाब स) समुद्र

4) _____ उन्हीं की मदद करते हैं जो स्वयं अपनी मदद करते हैं।
अ) भगवान ब) लोग स) दूत

5) हमें कर्म करना चाहिए और ____की चिंता छोड़ देनी चाहिए।
अ) लोगो ब) भगवान स) फल

**प्र 2) चित्र देखकर सही शब्द चुनिये –**



अ) मोती ब) रत्न स) हीरा



अ) व्यापारी ब) चोर स) साधू



अ) गाड़ी ब) जहाज़ स) ट्रेन



अ) नदी ब) तालाब स) समुद्र

## केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## सही समय



एक बार एक पिंजरे में बंद बुलबुल रात के समय गा रही थी, उसका पिंजरा खिड़की के पास लटक रहा था।

उसका गाना सुनकर एक चमगादड़ वहाँ आया और बोला " तुम्हारा गाना सुनकर मन आनंदित हो गया है। लेकिन तुम दिन के बजाए रात में क्यों गा रही हो? बाकी सब बुलबुलें तो दिन में गाती हैं।" "मैं भी पहले दिन के समय गाती थी। लेकिन मेरे गाने के कारण मैं पिंजरे में कैद कर ली गई। इसलिए अब मैं सावधानी बरतते हुए रात के समय गाती हूँ, ताकि फिर कोई मुझे कैद न कर सके।" "तुम कितनी बेवकूफ हो! अरे ! अब तो तुम कैद कर ली गई हो। अब सावधान होने से क्या फायदा!" यह कहकर चमगादड़ वहाँ से उड़ गया।

**शिक्षा – सही काम सही समय पर करना चाहिए, वरना उसकी महत्ता नहीं रहती ।**

**प्र 1) सही पर्याय लिखो –**

1) एक पिंजरे में बंद _____ रात के समय गा रही थी।
   अ) बुलबुल   ब) चिड़िया   स) तोता
2) उसका गाना सुनकर एक _____वहाँ आया।
   अ) चमगादड़   ब) जमीन   स) तोता
3) लेकिन तुम दिन के बजाए ____ में क्यों गा रही हो?
   अ) दोपहर   ब) रात   स) सवेरे
4) अब तो तुम ____ कर ली गई हो।
   अ) कैद   ब) बुलबुल   स) आराम
5) बाकी सब _______ तो दिन में गाती हैं।
   अ) शेर   ब) बुलबुले   स) चिड़िया

**प्र 2) शब्द भंडार –**

1) मीठा का विलोम शब्द क्या होता हैं ?
   अ) कड़वा   ब) अच्छा   स) बेकार
2) रात का विलोम शब्द क्या होता हैं ?
   अ) शाम   ब) दिन   स) अंधेरा
3) कैद का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) बंदी   ब) आराम   स) जागना
4) बेवकूफ़ का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) समझदार   ब) बुद्धिमान   स) मूर्ख
5) समय का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) वक़्त   ब) जमीन   स) आसमान

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## किसान और उसके आलसी बेटे



एक गाँव में एक किसान रहता था। उसके दो बेटे थे और दोनों आलसी थे। एक दिन किसान बीमार पड़ गया। वह समझ गया था कि अब वह ज्यादा दिन तक जीवित नहीं रहेगा। उसे अपने दोनों बेटों की चिंता थी कि उसके मरने के बाद उनका क्या होगा।एक दिन लेटे-लेटे उसे एक तरकीब सूझी।

उसने दोनों बेटों को बुलाकर कहा, "मैंने अंगूरों के बाग में बहुत नीचे तुम्हारे लिए खजाना दबाया हुआ है। मेरे मरने के बाद उसे खोदकर निकाल लेना।" किसान के मरने के बाद किसान के बेटे अंगूरों के बाग में गए। उन्होंने मिलकर पूरा खेत खोद डाला पर कुछ हाथ न लगा। वे अपने पिता को कोसने लगे। कुछ दिनों बाद बरसात हुई और उनकी अंगूरों की बेलें लहलहाने लगी। बेलें अंगूरों से लद गई थीं। अंगूर पकने पर उन्होंने उन्हें महंगे भाव से बेचा और अमीर बन गए।अब उन्हें समझ आया कि उनके पिता ने इसी खजाने के बारे में कहा था।

शिक्षा- परिश्रम से ही सफलता मिलती हैं ।

## प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए ।

1) एक गाँव में एक ____ रहता था।

अ) किसान ब) जवान स) सुनार

2) एक दिन किसान _____ पड़ गया।

अ) बीमार ब) दुकान स) गिर

3) किसान के मरने के बाद किसान के बेटे ____ के बाग में गए।

अ) आम ब) अंगूर स) सेब

4) बरसात हुई और उनकी अंगूरों की ______ लहलहाने लगी।

अ) खेत ब) बाग स) बेलें

5) ______ से ही सफलता मिलती हैं ।

अ) परिश्रम ब) जीवन स) सफल

## प्र 2) शब्द भंडार –

1) ज़्यादा का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) अधिक ब) थोड़ा स) वक्त

2) तरकीब का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) उपाय ब) समान स) जीवन

3) नीचे का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) बहुत ब) ऊपर स) बुरा

4) मरना का विलोम शब्द क्या होता हैं ?

अ) जीना ब) कोसना स) भरना

5) परिश्रम का अर्थ क्या होता हैं ?

अ) मेहनत ब) आलस स) आराम

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## शेर और सवा शेर



एक बूढ़े शेर में अब शिकार करने की ताकत नहीं बची थी । उसने एक उपाय सोच निकाला। सारे जंगल में उसने यह बात फैला दी कि अब वह चंद दिनों का मेहमान है। जो उससे मिलना चाहे, बेखौफ मिल सकता है; क्योंकि अब उसने मांसाहारी भोजन भी लेना बंद कर दिया है ।

यह सुनकर एक के बाद एक भोलेभाले जानवर उससे मिलने गुफा में आने लगे । भूखा शेर आराम से उनको मारकर खा जाता । आखिर में एक लोमड़ी ने सोचा, मैं भी शेर से मिल आऊँ। लोमड़ी बड़ी सयानी थी। जैसे ही वह गुफा के निकट पहुँची, उसने पाया कि जमीन पर सभी जानवरों के पैरों के निशान अंदर की ओर जा रहे थे, पर एक भी पाँव का निशान बाहर की ओर आता हुआ नहीं दिखाई पड़ता था । वह माजरा समझ गई और गुफा के दरवाजे से ही वापस लौट आई।

शिक्षा – जालिमों पर कभी विश्वास नहीं करना चाहिए।

**प्र 1) सही पर्याय चुनकर लिखिए ।**

1) शेर में अब ______करने की ताकत नहीं बची थी ।
   अ) शिकार  ब) ताकत  स) हिम्मत
2) उसने _____ भोजन भी लेना बंद कर दिया हैं ।
   अ) मांसाहारी  ब) बेखौफ  स) गुफा
3) लोमड़ी बड़ी ______थी ।
   अ) निशान  ब) सयानी  स) बाहर
4) जंगल में उसने बात फैला दी कि अब वह चंद दिनों का ____ है।
   अ) मेहमान  ब) ईमान  स) जवान
5) जालिमों पर कभी ____ नहीं करना चाहिए।
   अ) खराब  ब) विश्वास  स) जवान

**प्र 2) शब्द भंडार –**

1) विश्वास का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) भरोसा  ब) बहार  स) गुफा
2) सयानी का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) चालाक  ब) बीमार  स) भरोसा
3) चंद का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ ) अधिक  ब) थोड़ा  स) नहीं
4) दिन का विलोम शब्द क्या होता हैं ?
   अ) रात  ब) शाम  स) दोपहर
5) निकट का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) पास  ब) दूर  स) अधिक

# केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल ओझर ,मुंबई संभाग

**हिंदी पठन पत्रक** **कक्षा – पहली**

## बिल्ली की मूर्खता



एक घर में एक बिल्ली रहती थी। उसका नाम नैन्सी था। नैन्सी घर में रहकर ही चूहों का शिकार करती और सोती रहती। एक दिन वह घर पर बोर हो रही थी तो उसके मन में विचार आया कि किसी दूसरे घर में घूमकर आया जाए।

अब वह घर से निकल पड़ी और घर से थोड़ी ही दूरी पर रहने वाले लोहार के घर में घुस गई। उसने लोहार का सारा घर छान मारा, पर उसे कुछ भी खाने को नहीं मिला। फिर वह लोहार के कमरे में जाकर चीजें उलटने-पलटने लगी। उसने औजारों का एक बक्सा खोल लिया। उसमें उसे एक चाकू दिखाई दिया। चाकू निकालकर उसे जीभ से चाटने लगी। इससे उसकी जीभ एक-दो जगह से कट गई और उसने सोचा कि इससे कोई पीने वाली चीज निकली है। वह दोबारा चाकू को चाटने लगी जिससे उसकी जीभ कटकर नीचे गिर गई ।

शिक्षा : बिना जाने किसी चीज का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

**प्र 1) कहानी को पढ़कर सही शब्द भरिए –**

1) एक घर में एक ____ रहती थी। उसका नाम नैन्सी था।
   अ) लोमड़ी ब) शेर स) बिल्ली

2) उसने _____ का एक बक्सा खोल लिया।
   अ) खाने ब) औजारों स) तिजोरी

3) वह _____ के कमरे में जाकर चीजें उलटने-पलटने लगी।
   अ) सुनार ब) कुम्हार स) लोहार

4) चाकू निकालकर उसे _____ से चाटने लगी।
   अ) जीभ ब) कान स) नाक

5) बिना जाने किसी चीज का _____ नहीं करना चाहिए ।
   अ) मजा ब) प्रयोग स) आवाज़

**प्र 2) शब्द भंडार –**

1) सोना का विलोम शब्द क्या होता हैं ?
   अ) जागना ब) बचना स) आवाज़

2) खोलना का विलोम शब्द क्या अर्थ होता हैं ?
   अ) उठाना ब) बंद करना स) सोना

3) थोड़ा का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) कम ब) चलना स) भागना

4) चीज़ का अर्थ क्या होता हैं ?
   अ) वस्तु ब) जीभ स) कम

5) नीचे का विलोम शब्द क्या होता हैं ?
   अ) ऊपर ब) सामने स) ज़्यादा